आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 23.04.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी और नौसेना पत्नी कल्याण संघ की अध्यक्षा शशि त्रिपाठी ने अंडमान निकोबार कमान का दौरा किया।
- उद्योग निदेशालय की ओर से कल कंपनी अधिनियम और कंपनी मामलों पर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड की ओर से पंजीकृत लाभार्थियों को निशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।
- मध्योत्तर अंडमान जिला मजिस्ट्रेट की ओर से जारी आदेशुानसार गांधीनगर गाँव में मुख्य सड़क से भारी वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया गया है।

<><><><><><><>

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी और नौसेना पत्नी कल्याण संघ की अध्यक्षा शशि त्रिपाठी ने अंडमान निकोबार कमान का दौरा किया। श्री विजयपुरम पहुँचने पर, कमान के कमांडर–इन–चीफ वाइस एडमिरल अजय कोचर, और DWWA की क्षेत्रीय अध्यक्षा रेमन कोचर ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर नौसेना प्रमुख को ज्वाइंट सर्विस गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। दौरे के दौरान नौसेना प्रमुख ने CINCAN और संयुक्त सेवा कमान के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत की। इस दौरान परिचालन तालमेल, तत्परता और एकीकरण को बढ़ाने पर चर्चा हुई। श्रीमती त्रिपाठी ने रक्षा पत्नी कल्याण संघ के सदस्यों से मुलाकात कर कल्याणकारी एवं सामुदायिक सहायता पहलों के प्रति उनकी निरंतर प्रतिबद्धता की सराहना की। नौसेना प्रमुख ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण अंडमान निकोबार क्षेत्र में राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए संयुक्त कौशल और सेवाओं के बीच निर्बाध एकीकरण के महत्व को दोहराया।

<><><><><><><>

इस बीच, अंडमान निकोबार द्वीप समूह की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी, ने कल लोक निवास में उप–राज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी से शिष्टाचार भेंट की।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष शाहुल हमीद ने कल अपना कार्यकाल पूरा होने पर लोक निवास में उप–राज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी से विदाई भेंट की। इस अवसर पर, उन्होंने उपराज्यपाल को नगरपालिका क्षेत्र में अपने कार्यकाल के दौरान शुरू की गई विभिन्न विकास परियोजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

<><><><><><>

कैंपबेल बे, में आज 57वें सेटलर्स दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर क्षेत्र के सामुदायिक भवन में सुबह दस बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें सहायक आयुक्त शिवम ताशी धावा मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इस कार्यक्रम के लिए शास्त्री नगर से सुबह साढ़े सात बजे एक अतिरिक्त बस सेवा दी जाएगी। इस दौरान सुबह 9 बजे से रैली का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><>

उद्योग निदेशालय की ओर से स्टार्टअप्स, एमएसएमई, उद्यमियों और स्व–नियोजित युवाओं के लिए कंपनी अधिनियम और कंपनी मामलों पर एक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यशाला कल सुबह 9 बजे से मिडिल प्वाइंट स्थित उद्योग निदेशालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित होगी। यह कार्यक्रम कंपनी रजिस्ट्रार, चेन्नई के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें कंपनी के उप रजिस्ट्रार ऐशला वामशी कृष्णा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। इसका उद्देश्य स्टार्टअप इंडिया और मेक इन इंडिया के अनुरूप व्यवसायों के औपचारिकरण, निवेश की तैयारी और रोजगार सृजन को बढ़ावा देना है। इस कार्यशाला में मौजूदा प्राइवेट लिमिटेड मालिकों के साथ–साथ उभरते नवोन्मेषक, अपंजीकृत व्यवसाय और उद्योग संघ भाग ले सकते हैं। इच्छुक प्रतिभागी कल सुबह 9 बजे सीधे अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

<><><><><><>

जनगणना 2027 वर्ष 1872 के बाद से होने वाली 16वीं जनगणना है और स्वतंत्रता के बाद की 8वीं जनगणना है। जनगणना 2027 मोबाइल ऐप का उपयोग करके डिजिटल डेटा संग्रह की ओर एक बड़े बदलाव का प्रतीक है।

जनगणना गतिविधियों की रीयल–टाइम प्रगति की निगरानी के लिए एक पोर्टल का भी उपयोग किया जा रहा है। जनगणना 2027 दो चरणों में आयोजित की जा रही है। द्वीप समूह में पहला चरण 15 मई तक जारी है। इसके अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति का व्यक्तिगत विवरण दर्ज किया जाता है। जनगणना एक संवैधानिक और वैधानिक गतिविधि है जो अनुच्छेद 246 (संघ सूची) और जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत आयोजित की जाती है। जनगणना का डेटा योजना बनाने, कल्याणकारी योजनाओं, संसाधन आवंटन और निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के लिए आधार बनता है।

<><><><><><><>

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के निर्देशों का अनुपालन करते हुए अंडमान निकोबार द्वीपसमूह भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड में अपने पंजीकृत लाभार्थियों और उनके परिवार के सदस्यों को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने का प्रस्ताव रखा है। इस पहल का उद्देश्य संरचित और प्रमाणित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से रोजगार क्षमता बढ़ाना, आय सुरक्षा सुनिश्चित करना और समग्र कल्याण को बढ़ावा देना है। बोर्ड द्वारा पंजीकृत लाभार्थी श्रमिकों और उनके परिवार के सदस्यों को विभिन्न प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रदान करेगा, जो पूरी तरह से निःशुल्क होगा। इच्छुक लाभार्थी श्रमिक अपना नामांकन अपने नाम और पंजीकरण संख्या के साथ बोर्ड के ई–मेल पर या व्हाट्सऐप नंबर 8900901130 पर करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए, लाभार्थी प्रशासनिक अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान लोक निर्माण विभाग की ओर से डिगलीपुर के गांधीनगर गाँव में मुख्य सड़क से बदूर टिकरी तक ग्रामीण सड़क मरम्मत का कार्य किया जाएगा। इस सिलसिले में मध्योत्तर अंडमान जिला मजिस्ट्रेट की ओर से जारी आदेश में कार्य के सुचारू संचालन के लिए इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध, जबकि दुपहिया वाहनों और राज्य परिवहन की बसों की सीमित आवाजाही की अनुमति दी गई है। अधिशासी अभियंता को कार्य के दौरान कार्य स्थल पर उचित बैरिकेडिंग, साइन बोर्ड और आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से पच्चीस दिनों की अवधि के लिए लागू की गई है।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय की आयुष शाखा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हटबे और जनजातीय कल्याण विभाग के सहयोग से हाल ही में लिटिल अंडमान में रामकृष्णपुर के पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के कक्षा बारहवीं में पढ़ रहे 13 ओंगी छात्रों के लिए एक जागरूकता और परामर्श सत्र के साथ स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इस सत्र का उद्देश्य स्वास्थ्य, स्वच्छता और शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। चिकित्सा अधिकारी डॉ. वैशाली ने संतुलित आहार, नियमित शारीरिक गतिविधि, तनाव प्रबंधन और दैनिक जीवन में व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व पर चर्चा की। इस दौरान सभी छात्रों का प्रकृति परीक्षण और सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके अलावा डुगोंग क्रीक में इन–सीटू आयुष स्वास्थ्य शिविर और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कुल 56 ओंगी समुदाय के सदस्य लाभान्वित हुए।

<><><><><><><>

बच्चों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य बाल संरक्षण समिति और गैर–सरकारी संस्था पंख द्वारा संयुक्त रूप से आरजीटी पब्लिक स्कूल में मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज कल्याण निदेशक ने बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर जोर देते हुए स्कूलों और बाल देखभाल संस्थानों में इस तरह की पहल जारी रखने को कहा। इस अवसर पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। इस दौरान भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने मानसिक स्वास्थ्य पर अपने विचार साझा किए।

<><><><><><><>